# कार्यालय प्रधानाचार्य

**बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर**

पत्रांक: 3976 /BRG/MC-26/EC-1 दिनांक: 24/09/2026

## CORRIGENDUM / WITHDRAWAL OF ADVERTISEMENT

**विषय: MRU, BRD Medical College, Gorakhpur हेतु Advertisement No. 70 दिनांक 17.09.2026 के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयक **Advertisement No. 70 दिनांक 17.09.2026** द्वारा Multi-Disciplinary Research Unit (MRU), बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में विभिन्न संविदात्मक Human Resource पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ की गई थी। उक्त विज्ञापन आगामी **16th Finance Commission Cycle** में MRU Scheme की संभावित निरंतरता/विस्तार की प्रत्याशा में जारी किया गया था तथा उसमें नियुक्ति एवं अन्य शर्तों को आगामी DHR दिशा-निर्देशों/स्वीकृति के अधीन रखा गया था।

वर्तमान में **16th Finance Commission Cycle** हेतु **MRU Scheme** की औपचारिक स्वीकृति/विस्तार **तथा संबंधित नवीन DHR दिशा-निर्देश/आदेश अभी प्राप्त नहीं हुए हैं,** जबकि वर्तमान MRU Scheme की अंतरिम स्वीकृत अवधि **30.09.2026** तक है।

अतः प्रशासनिक एवं प्रक्रियात्मक स्पष्टता के दृष्टिगत यह अधिसूचित किया जाता है कि:

1. **Advertisement No. 70 दिनांक 17.09.2026** तत्काल प्रभाव से वापस (Withdrawn) लिया जाता है।
2. उक्त विज्ञापन के आधार पर **किसी भी पद पर कोई नियुक्ति/संविदात्मक Engagement** नहीं की जाएगी **तथा कोई नियुक्ति आदेश निर्गत नहीं किया जाएगा।**
3. उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत करने अथवा भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने मात्र से किसी अभ्यर्थी के पक्ष में **चयन, नियुक्ति, संविदात्मक Engagement अथवा सेवा की निरंतरता का कोई अधिकार उत्पन्न नहीं होगा।**
4. 16th Finance Commission Cycle के अंतर्गत MRU Scheme की औपचारिक स्वीकृति/विस्तार एवं लागू नवीन DHR दिशा-निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त पदों की आवश्यकता, स्वीकृति, पात्रता, मानदेय, कार्यकाल तथा चयन प्रक्रिया का पुनः परीक्षण किया जाएगा।
5. आवश्यकता होने पर उक्त नवीन स्वीकृति एवं लागू दिशा-निर्देशों के अनुरूप नया विज्ञापन/पुनः विज्ञापन **(Fresh Advertisement/Re-advertisement)** पृथक रूप से जारी किया जाएगा।
6. यह Corrigendum मूल **Advertisement No. 70 दिनांक 17.09.2026** का अभिन्न भाग माना जाएगा तथा महाविद्यालय की वेबसाइट पर मूल विज्ञापन के साथ प्रकाशित किया जाएगा।

**प्रधानाचार्य**

**बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर**

---

**Website publication instruction**

**EC-1 को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त Corrigendum/Withdrawal Notice को Advertisement No. 70 दिनांक 17.09.2026 के उसी webpage/section** पर तत्काल अपलोड किया जाए, जहाँ मूल विज्ञापन **प्रकाशित किया गया था।**

**प्रधानाचार्य**

बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर

Scanned with OKEN Scanner